हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

06 औद्योगिक विकास की दिशा में पहल, गेहूंखेड़ी में...



07 केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर जिला अस्पताल का निरीक्षण...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

मानस भवन में भागवत कथा का आयोजन आज से प्रारम्भ



गुना। मारवाड़ी परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगरा के गुरुदेव संत अरविंद महाराज के मुख से भागवत कथा का आप हम लोग रसास्वादन करेंगे। विवेक गर्ग ने बताया 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक कथा मानस भवन में चलेगी एवं कल सुबह कलश यात्रा प्रातः 10:00 बजे कोटेश्वर मंदिर निचला बाजार से सदर बाजार लक्ष्मीगंज होते हुए मानस भवन आवेगी,इसके बाद दोपहर दो बजे से शाम पाँच बजे तक कथा आप हम लोग श्रवन करेंगे। सभी भक्तों से आग्रह है की कथा मे शामिल होकर धर्म लाभ लें। और कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह आयोजन मारवाड़ी परिवार के संयोजक राजेश अग्रवाल और उनके सभी टीम के सदस्यों द्वार आयोजन किया जा रहा है। और सभी जगह स्वागत और भागवत पोथी का पूजन करेंगे। आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

वरिष्ठ नागरिक दिवस पर 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का सम्मान



गुना। अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर 2026 को अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ, जिला गुना के तत्वावधान में समाज के 75 वर्ष एवं उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों को फूल-माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के प्रांतीय सचिव लक्ष्मण प्रजापति, जिला अध्यक्ष नन्नूलाल प्रजापति, जिला मुख्य महासचिव डॉ. तारा सिंह प्रजापति, हरिपुर महामंत्री सुरेंद्र शिक्षक, प्रचार मंत्री तुलाराम प्रजापति, समाजसेवी ओमप्रकाश प्रजापति, युवा कार्यकर्ता अभय प्रजापति सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठ नागरिक गणपतलाल प्रजापति (88 वर्ष), गुना एवं उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमलता प्रजापति (76 वर्ष) ने समाजहित में 2,100 रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की।

गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान



आरोन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा 2 अक्टूबर को पुरानी बस्ती स्थित गांधी पार्क में सुबह 10 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों एवं विचारों को याद करते हुए की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंडित रामबाबू शर्मा ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायी हैं। ब्लॉक कांग्रेस आरोन प्रभारी रविंद्र रघुवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति शर्मा द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार उपरिंग ने किया। अंत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने उपस्थित अतिथियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

दो स्थानों पर 15 हजार का स्पॉट फाइन, गंदगी फैलाने पर भी जुर्माना

घोसीपुरा में अतिक्रमण पर प्रशासन ने की सख्ती, मौके पर ही जेसीबी से हटाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड क्रमांक 28 घोषीपुरा में मौके पर ही कार्रवाई की। अभियान के दौरान अतिक्रमण पाए जाने पर दो स्थानों पर 10 हजार और 5 हजार रुपये का स्पॉट फाइन किया गया तथा इसके साथ ही मौके पर जेसीबी बुलाकर अतिक्रमण हटाया गया। सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने पर एक व्यक्ति पर 100 रुपये का स्पॉट फाइन भी किया गया और भविष्य में गंदगी नहीं फैलाने की सख्त हिदायत दी गई। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में लापरवाही अथवा अतिक्रमण पाए जाने पर मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अतिक्रमण पर फाइन के साथ तत्काल हटाया गया कब्जा

घोषीपुरा में निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण पाए जाने पर प्रशासन ने केवल जुर्माना लगाने तक कार्रवाई सीमित नहीं रखी। संबंधित स्थानों पर 10 हजार और 5 हजार रुपये का स्पॉट फाइन किया गया तथा मौके पर ही जेसीबी बुलाकर



अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इससे क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि कार्रवाई के साथ मौके पर ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

अभियान के दौरान गंदगी फैलाने पर भी स्पॉट फाइन

स्वच्छता अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने वाले एक व्यक्ति पर 100 रुपये का स्पॉट फाइन किया गया। कलेक्टर ने संबंधित व्यक्ति को भविष्य में स्वयं गंदगी नहीं फैलाने तथा अन्य लोगों को भी ऐसा करने से रोकने की हिदायत दी।अभियान के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं को भी गंभीरता से लिया गया। क्षेत्र में विद्युत पोल नहीं होने की समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। विद्युत विभाग ने निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया।आजाद कॉलोनी में बच्चों ने स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की समस्या बताई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उसी शाम तक लाइट दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नागरिकों से घर से ही सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखने तथा कचरा संग्रहण वाहन में अलग-अलग डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर के लिए केवल प्रशासन की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। अभियान के दौरान जिन क्षेत्रों में नागरिकों द्वारा समस्याएं बताई जा रही हैं, उनका संबंधित विभागों के माध्यम से तत्काल निराकरण कराया जा रहा है।

बच्चों ने भी दिया स्वच्छता का संदेश

आजाद कॉलोनी में बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए टी-शर्ट पहनाई गई। बच्चों ने भी उत्साह के साथ घर के बाहर कचरा नहीं फैलाने तथा सूखे और गीले कचरे को अलग रखने का संदेश दिया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्म सोनी, धर्मेन्द्र सिकरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, डिप्टी कलेक्टर दिव्यांशु शिवहरे, सीएमओ शैलेश अवस्थी सहित नगरीय प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

100 यूनिट का लक्ष्य लेकर उतरा वन विभाग सेवा संकल्प अभियान में बढ़ाया हाथ

गुना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वन कर्मचारी संघ गुना के तत्वावधान में शुक्रवार को वन विभाग परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सहभागिता कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान अत्यंत सराहनीय सेवा कार्य है। जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में कई मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता होती है और ऐसे समय में ब्लड बैंक में उपलब्ध रक्त जरूरतमंद के लिए जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वन विभाग ने रखा 100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य: कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 1000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों के माध्यम से अब तक लगभग 400 से 450 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। उन्होंने वन विभाग की टीम द्वारा 100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य लेकर किए गए प्रयास की सराहना की।

डकैती का खुलासा और 54 किलो चांदी की बरामदगी के लिए राज्य स्तर पर सम्मान

केएफ रुस्तमजी पुरस्कार के लिए गुना के दो पुलिस अधिकारी हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिला पुलिस की कार्यशैली और उल्लेखनीय पुलिस कार्रवाई को एक बार फिर राज्य स्तर पर सम्मान मिला है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 के प्रतिष्ठित केएफ रुस्तमजी पुरस्कार (विशिष्ट श्रेणी) के लिए गुना जिले के दो पुलिस अधिकारियों का चयन किया गया है। कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं पुलिस लाइन में पदस्थ निरीक्षक राजेंद्र सिंह चौहान को उनकी अलग-अलग उल्लेखनीय एवं साहसिक पुलिस कार्रवाई के लिए इस राज्य स्तरीय सम्मान हेतु चुना गया है। दोनों अधिकारियों को पुरस्कार स्वरूप 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। गुना पुलिस के लिए यह दोहरी उपलब्धि मानी जा रही है।

कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव का चयन हनुमान टेकरी मंदिर डकैती कांड के सफल खुलासे के लिए किया गया है। अगस्त 2024 में



नकाबपोश बदमाशों ने टेकरी पहाड़ी के पीछे से मंदिर परिसर में प्रवेश कर सुरक्षा गार्ड को बंधक बनाया था। इसके बाद बदमाश बालाजी सरकार का मुकुट, गदा सहित अन्य कीमती आभूषण चोरी कर ले गए थे।

धार्मिक आस्था से जुड़े इस संवेदनशील मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल का नेतृत्व निरीक्षक भार्गव ने किया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज एवं वारदात से संबंधित महत्वपूर्ण वीडियो क्लिप का विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस टीम राजस्थान के झालावाड़ तक पहुंची और वहां से वारदात में शामिल कालबेलिया गैंग का पता लगाकर मामले का खुलासा किया। निरीक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, जो घटना के समय धरनावदा थाना प्रभारी थे, का चयन पारदी बाहुल्य क्षेत्र से बड़ी मात्रा में चोरी की चांदी बरामद करने की कार्रवाई के लिए किया गया है। जुलाई 2024 में राजस्थान के झालावाड़ से चोरी हुई करीब 53 लाख रुपये कीमत की 54 किलोग्राम चांदी को बीलाखेड़ी गांव में छिपाए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में निरीक्षक चौहान ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए सगुन बाई पारदी के खेत में खुदाई कराई। जमीन में दबाई गई पोटलियों से पुलिस ने करीब 54 किलो चांदी के आभूषण बरामद किए थे।यह कार्रवाई पारदी बाहुल्य क्षेत्र में पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल रही। उल्लेखनीय है कि निरीक्षक राजेंद्र सिंह चौहान को इससे पहले वर्ष 2023 में भी केएफ रुस्तमजी अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

सांदीपनि मॉडल स्कूल में स्वच्छता अभियान, विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के समस्त विद्यालयों में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में भी स्वच्छता अभियान उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर की सफाई के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता जागरूकता रैली, श्रमदान, स्लोगन प्रतियोगिता, सिंगल यूज प्लास्टिक के चिन्हांकन एवं पुराने अनुपयोगी सामान के एकत्रीकरण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर से बाहर तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण से संबंधित प्रेरक नारे लगाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

मोबाइल कोर्ट ने जामनेर में शासकीय रास्ते का सीमांकन कर दोनों पक्षों को दी समझाइश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का लगातार मौके पर निराकरण किया जा रहा है। प्रशासन के इस नवाचार को हाल ही में गुना जिले को दिल्ली में स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मोबाइल कोर्ट की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर ग्राम जामनेर निवासी भजन सिंह पुत्र प्रेम सिंह जादौन ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर भूमि संबंधी विवाद के निराकरण की मांग की थी। आवेदन को मोबाइल कोर्ट के माध्यम से निराकरण के लिए चिन्हित किया गया। इसी क्रम में राघौगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में तहसीलदार डॉ. उदय सिंह के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ग्राम जामनेर पहुंची। टीम में थाना प्रभारी जामनेर मनोज मेहरा, राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह मील, शंकर सिंह पटेलिया, पटवारी दीवान सिंह मीणा, पटवारी देवेन्द्र सिंह एवं कोटवार माधौ सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। टीम द्वारा ग्राम जामनेर स्थित सर्वे क्रमांक 504, रकबा 0.093 हेक्टेयर की शासकीय रास्ते की भूमि का मौके पर निरीक्षण किया गया।

आकाशवाणी केंद्र में मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

गुना। आकाशवाणी गुना केंद्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आकाशवाणी गुना के असिस्टेंट डायरेक्टर (प्रोग्राम) राजकुमार कौशल ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर कौशल ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और देश के प्रति उनकी सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के माध्यम से समाज को नई दिशा दी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की मिसाल कायम की। कौशल ने कहा कि दोनों महान नेताओं का जीवन आज भी प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर हम राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ भी ली गई।

वैश्य महासम्मेलन ने निकाली वैश्य चेतना रैली

गांधी-शास्त्री की प्रतिमाओं पर बापू-शास्त्री पार्क में किया माल्यार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर वैश्य चेतना रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में वैश्य समाज के बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय बापू पार्क में हुई, जहां वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित हुए। सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात सभी सदस्य रैली के रूप में बापू पार्क से शास्त्री पार्क पहुंचे। यहां पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया गया।

बापू के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

इस अवसर पर मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने महात्मा गांधी के त्याग, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा को स्मरण किया।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी इंजी. डी.एन. नीखरा, जिला महामंत्री विकास जैन नखराली, युवा इकाई के संभागीय अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, जिलाध्यक्ष नवल सोनी, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, अशोक जैन कमलश्री, आशीष जैन, दीपक जैन कमलदीप, विवेक जैन, जितेंद्र जैन, अंकित जैन, आयुष जैन, दीपक जैन सहित वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नवोदय विद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर शुरू

अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुण विकसित करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़, गुना में पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उत्साह एवं उमंग के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एच.के. मीना ने किया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

शिविर में मुख्य प्रशिक्षक दिनेश यादव, लीडर ट्रेनर, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड



के विभिन्न नियमों, गतिविधियों एवं जीवनोपयोगी कौशलों से अवगत कराया जा रहा है। शिविर के संयोजक नरेंद्र यादव, पीजीटी हिंदी हैं, जबकि स्काउट मास्टर मिलिंद अग्निहोत्री एवं गाइड कैप्टन सुमुक्ता निम्जे द्वारा प्रशिक्षण गतिविधियों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है।

उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य एच.के. मीना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग केवल एक प्रशिक्षण गतिविधि नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा-भाव, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं राष्ट्रभक्ति जैसे गुण विकसित होते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड देश के सजग प्रहरी के रूप में समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझें। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग जरूरत के समय स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सहायता के लिए भी किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर की सभी गतिविधियों में पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ सहभागिता करने का आह्वान किया।

प्राथमिक से लेकर आपदा प्रबंधन तक मिलेगा प्रशिक्षण

पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न जीवनोपयोगी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्राथमिक उपचार, गांठ एवं बंधन, शिविर निर्माण, दिशा ज्ञान, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, अनुशासन, टीम भावना, आत्मनिर्भरता एवं सेवा-कार्य जैसी गतिविधियां शामिल हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को विपरीत परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक कार्य करने, टीम के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वयं एवं अन्य लोगों की सहायता करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

समाचार संक्षेप

बाघ बागेश्वर धाम पहुंची जल-जन सेवा यात्रा संतों और सफाई मित्रों का किया सम्मान

चाचौड़ा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निकाली जा रही जल-जन सेवा संकल्प यात्रा का बाघ बागेश्वर धाम में नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल बाहर से आए साधु-संतों, जनप्रतिनिधियों, सफाई मित्रों एवं यात्रियों का नगर परिषद की ओर से सम्मान किया गया। अतिथियों को पगड़ी, माला एवं गरुड़ घंटी भेंट की गई।यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने यात्रा में शामिल सदस्यों के साथ स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।कार्यक्रम में भाजपा विधायक प्रियंका पेची, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सुनीता नाटानी, भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश मीना, गौरव चौकसे, प्रवल प्रताप सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गांधी-शास्त्री जयंती पर भाजपा मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान

कुम्भराज। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कुम्भराज द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा आमजन को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, महामंत्री मनीष शिवहरे, महामंत्री नीरज मालवीय, मंत्री विपिन सुमन, पार्षद गौरव शर्मा, आईटी सेल प्रभारी रूपेश बैरागी, बद्री गुर्जर, राहुल मालवीय सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गांधी जयंती पर सेवा संकल्प अभियान के तहत मंडल राघोगढ़ में स्वच्छता अभियान आयोजित

राघौगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल राघौगढ़ द्वारा गणेश मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता करते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की।कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों से अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गांधी जी के स्वच्छ, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर भारत के विचारों को स्मरण करते हुए सेवा और समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।



तेज रफ्तार और तेज आवाज वाले वाहनों पर पुलिस की सख्ती

ट्रैक्टरों से साउंड सिस्टम निकलवाए 6200 रुपए का राजस्व वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

ट्रैक्टरों में बजाए जा रहे तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम से बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण एवं दुर्घटना की आशंका को देखते हुए थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टरों से साउंड सिस्टम निकलवाए। वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में तेज आवाज में साउंड बजाते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित वाहन चालक की होगी। इसी क्रम में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों एवं तेज आवाज वाली बुलेट मोटरसाइकिलों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 16 वाहनों के चालान काटकर 6200 का राजस्व वसूला।



तेज रफ्तार वाहन चालकों को दी हिदायत

थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने तेज रफ्तार से बाइक चलाने वाले युवाओं को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सड़क पर तेज गति से वाहन चलाने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित वाहन चालक स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि नगर क्षेत्र में निर्धारित गति सीमा के भीतर ही वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें। गौरतलब है कि महज एक सप्ताह पूर्व पदभार संभालने के बाद थाना प्रभारी अमित अग्रवाल द्वारा नगर में असामाजिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं नगर में लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को शीघ्र चालू करने के लिए भी प्रयास किए हैं।

त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस द्वारा नगर एवं क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस द्वारा कोचिंग सेंटर एवं स्कूलों के आसपास अनावश्यक रूप से घूमने वाले युवकों पर भी नजर रखी जा रही है। असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।

औद्योगिक विकास की दिशा में पहल, गेहूंखेड़ी में भूमि का सर्वे



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में पहल शुरू हो गई है। इसी क्रम में ग्राम गेहूखेड़ी (पठार) में उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की संभावनाओं को लेकर सर्वे कार्य किया गया। सर्वे के दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रियंका पेंची, भोपाल से आई संबंधित टीम एवं तहसीलदार की मौजूदगी में प्रस्तावित भूमि का मौके पर निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा भूमि की स्थिति, उपलब्ध क्षेत्रफल एवं औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाओं का जायजा लिया।

युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर

क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। उद्योगों की स्थापना होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलने की संभावना है। भूमि सर्वे की इस पहल को क्षेत्र के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक प्रियंका पेंची ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंजभराज

विधायक प्रियंका पेंची ने अपने कार्यालय में आयोजित जनसंबाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणजनों एवं कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रोहित कासट, नगर परिषद अध्यक्ष शारदादेवी साहू, उपाध्यक्ष विक्रमसिंह मीणा सहित वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तहसीलदार कुलदीपसिंह जादौन, सीएमओ लीलाधर सेन, थाना प्रभारी अमित अग्रवाल एवं कनिष्ठ यंत्री ललित तिलगम भी मौजूद रहे। विधायक ने नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, बिजली व्यवस्था में सुधार तथा मंडी रोड की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद द्वारा निर्माणाधीन नवीन पेयजल टंकी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि टंकी के निर्माण से नगर में पेयजल आपूर्ति को और सुगम बनाने में मदद मिलेगी। विधायक प्रियंका पेची ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने बिजली एवं खाद की समस्या को गंभीरता से सुना तथा इस संबंध में उच्च अधिकारियों से भी चर्चा की। बिजली व्यवस्था में लापरवाही को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी से अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने देने की बात कही। विधायक ने वर्षों से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को शीघ्र चालू करने, मंडी रोड का निर्माण कराने तथा राजस्व एवं नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।



प्रवचनः मधुर वाणी, सद्गुण और सेवा से जीवन को बनाएं बांसुरी जैसा : मुनि श्रमण सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी एवं ओजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने विद्यासागर सभागार, राघौगढ़ में धर्मसभा को संबोधित करते हुए "हम बांसुरी की तरह कैसे बनें" विषय पर मंगल प्रवचन दिए।

मुनिश्री ने कहा कि "फटा बांस बनोगे तो सर्कस के जोकर के हाथ में रहोगे और बांसुरी बनोगे तो श्रीकृष्ण के मुख की शोभा बनोगे।" उन्होंने बांस और बांसुरी के उदाहरण के माध्यम से जीवन में सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि एक ही बांस के पेड़ के एक टुकड़े को चीर देने से फटा बांस बन जाता है, जिसकी आवाज किसी को अच्छी नहीं लगती। वहीं इसी बांस से बांसुरी बनाई जाती है, मधुर ध्वनि सभी को प्रिय लगती है।

बांसुरी के पांच गुण अपनाने की प्रेरणा

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने बांसुरी के पांच विशेष गुण बताते हुए कहा कि पहला गुण उसकी मधुर आवाज है। हमें भी सदैव मधुर वाणी का प्रयोग करना चाहिए। दूसरा गुण यह है कि बांसुरी में गांठ नहीं होती। जीवन में किसी से मनमुटाव की गांठ पड़ जाए तो उसे प्रयासपूर्वक सुलझाना चाहिए, उस पर कैंची नहीं चलानी चाहिए।



तीसरा गुण बताते हुए उन्होंने कहा कि बांसुरी जब बजाई जाती है, तभी बजती है। इसी प्रकार हमें भी आवश्यकता होने पर ही बोलना चाहिए। चौथा गुण बांसुरी में बने छेद हैं। ये उसके दुर्गुण नहीं, बल्कि सुगुण हैं। इनसे प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन के दुर्गुणों को दूर कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए। पांचवें गुण की चर्चा करते हुए मुनिश्री ने कहा कि बांसुरी टूट जाने के बाद भी लकड़ी के रूप में चूल्हे में जलने के काम आती है। इसी से प्रेरणा लेते हुए हमें जीवन में नेत्रदान, रक्तदान एवं अंगदान जैसे कार्यों के माध्यम से दूसरों के जीवन को बचाने और मानव सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

"हमारा जीवन बांसुरी है, मगर बजाना नहीं आता"

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि "हमारा जीवन तो बांसुरी है, मगर हमें बजाना नहीं आता।" उन्होंने कहा कि जिन जीवन की गांठों को प्रयास से खोला जा सकता है, उन पर कैंची नहीं चलानी चाहिए। आपसी संबंधों में प्रेम, मधुरता और सद्भाव बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर सामग्री भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा त्रिलोकपुरी, अशोकनगर स्थित 'अपना घर' वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत निराश्रित एवं वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की गई।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने वृद्धजनों से व्यक्तिगत रूप से संवाद करते हुए उनके सुख-दुःख, स्वास्थ्य, दैनिक जीवन एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान वृद्धजनों को कंबल, फल एवं अन्य आवश्यक सामग्री भेंट कर उनके प्रति सम्मान एवं अपनत्व की भावना व्यक्त की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम का अवलोकन कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा वृद्धजनों की आवश्यकताओं को संवेदनशीलता के साथ समझा गया। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी मानवीय संवेदना एवं सामूहिक जिम्मेदारी है।



14 फरवरी से निरंतर सेवा एवं सहयोग का संकल्प

उल्लेखनीय है कि अशोकनगर पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2026 से 'अपना घर' वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों की सेवा एवं सहयोग का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ स्टाफ अनुभाग अशोकनगर, चंदेरी एवं मुंगावली के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से उनके दैनिक आवश्यकताओं की कमी में अपना निजी योगदान करते हुये उसकी पूर्ति करते हैं।

गांधी जयंती पर शिक्षकों ने उपवास के माध्यम से टीईटी परीक्षा का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

प्रदेश स्तरीय अध्यापक संयुक्त मोर्चा के आह्वान के क्रम में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर अन्याय पूर्ण टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरूद्ध ब्लॉक मुख्यालय पर गांधी जी के चित्र के सम्मुख आयोजित एक दिवसीय उपवास और प्रार्थना सभा के कार्यक्रम में अनेकों शिक्षकों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के द्वारा पूर्व से कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा का नियम 2017 में बनाया था, जिसको सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से लागू किया जा रहा है। इस अन्याय नियम से देश के 25 लाख शिक्षकों की नौकरी पर संकट पैदा हो गया है। जिसका पूरे देश में शिक्षकों के द्वारा निरंतर विरोध किया जा रहा है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के नीलम पार्क पर पिछले सप्ताह से निरन्तर धरना प्रदर्शन जारी है और 2 अक्टूबर को भी प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर गांधी जयंती पर 1 दिवसीय उपवास और प्रार्थना कार्यक्रम कर अन्याय का गांधीवादी तरीके से विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में चंदेरी ब्लॉक मुख्यालय पर अनेकों शिक्षकों ने उपस्थित होकर नैतिक विरोध किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यापक संयुक्त मोर्चा के ब्लॉक संयोजक प्रकाश राय,बब्बू राजा बुंदेला, विवेक जैन, रविकांत चतुर्वेदी,रामनिवास नरवरिया,आनंद पांडे, सौरभ तिवारी, ग्यारसी लाल, रिहाना अंसारी, बिमला भगत,ग्यारसी लाल सहित अनेकों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा की नियमित उड़ान की सुविधा अनियमित होने से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

19 अप्रैल 2026 से भोपाल-चंदेरी-ओरछा रूट पर पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ की गई थी, यह हेलीकॉप्टर सेवा चंदेरी एवं ओरछा के हेरिटेज एवं पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को आकर्षित करने शुरू की गई थी, परंतु यह सेवा अनियमित होकर यात्रियों एवं पर्यटकों को परेशान करने वाली साबित हो रही है।

पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा को संचालित करने वाली जेट सर्व एविएशन की सहायक कंपनी फ्लाई ओला की वेबसाइट पर ऑनलाइन तरीके से जब यात्री लोग अपना टिकट बुक करते हैं और निर्धारित राशि का भुगतान कर देते हैं, कंफर्म टिकट होने के बावजूद भी यात्रियों को हेलीकॉप्टर की उड़ान नहीं मिल पाती है और वे चंदेरी हेलीपैड पर परेशान होते रहते हैं। भोपाल में फ्लाई ओला के जो जिम्मेदार व्यक्ति हैं वह यात्रियों को गलत जानकारियां देते रहते हैं, सही जानकारी से अवगत नहीं कराते हैं और आखिरी समय पर फ्लाइट शेड्यूल नहीं है यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं, इससे यात्रियों में एवं पर्यटकों में भारी असंतोष हो रहा है।

अभी हाल ही में दिनांक 26 सितंबर एवं 1 अक्टूबर में यात्री लोग परेशान हुए,जबकि उनकी टिकट वेबसाइट पर भुगतान करने के पश्चात कंफर्म टिकट थी परंतु उन्हें चंदेरी हेलीपैड पर परेशान होना पड़ा। 26 सितंबर को 3 पैसेंजर तथा 1 अक्टूबर को दो पैसेंजर परेशान हुए हैं। यात्रियों के नाम उनकी व्यक्तिगत जानकारी होने के कारण उल्लेख नहीं किए जा रहे हैं। 19 अप्रैल से 1 अक्टूबर 2026 तक कई बार फ्लाई ओला कंपनी के मिस मैनेजमेंट के कारण पर्यटक एवं यात्री लोग परेशान हो चुके हैं। कई लोगों के द्वारा पर्यटन विभाग में एवं कंपनी के अधिकारियों को शिकायत भी दर्ज की गई है, परंतु अभी तक कोई कारगर कदम न तो शासन के द्वारा और न ही कंपनी के द्वारा उठाया गया है। मध्यप्रदेश शासन के द्वारा एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जिस पर्यटन उन्मुखी योजना के तहत यह सेवा शुरू की है उसको अनियमित कार्रवाई से शासन के अधिकारी एवं फ्लाई ओला कंपनी के लोग पटरी से उतार रहे हैं। समय रहते इस हेलीकॉप्टर सेवा की नियमित उड़ान के लिए कार्रवाई की जानी चाहिए। सभी परेशान हुए यात्रियों एवं पर्यटकों ने एवं चंदेरी के जिम्मेदार नागरिकों ने बेहद नाराजगी जाहिर करते हुए यह मांग की है कि मध्यप्रदेश शासन पर्यटन विभाग एवं मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड को इस पर जल्दी ही ठोस कदम उठाना चाहिए। ताकि पर्यटक हितेषी यह हेलीकॉप्टर सेवा निर्बाध रूप से और नियमित उड़ान के साथ चले जिससे यात्रियों को कभी भी परेशान न होना पड़े।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे स्वच्छता का आयोजन किया गया। स्वच्छता की शुरूआत जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर से की गई। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय,सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल,पार्षद जयमण्डल सिंह यादव,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, एसडीएम इसरार खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट पार्क में श्रमदान कर साफ सफाई अभियान में भाग लिया। स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई के दौरान कलेक्ट्रेट के समीप स्थित वाटिका की साफ सफाई करते खरपतवारों को हटकार कचरे को एकत्रित कर कचरा वाहन द्वारा हटवाया गया। सभी उपस्थितजनों द्वारा एक चैन बनाकर सफाई अभियान में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

मुंगावली में श्रीजी शहर के भ्रमण पर निकले

जगह जगह आरती के आयोजन हुए शोभायात्रा में उमंग-उल्लास दिखा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

हर वर्ष की भांति इस बर्ष भी नगर में श्रीजी का विमानोत्सव बड़े ही धूमधाम ओर उत्साह के साथ मनाया गया। इस बार शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के विमानोत्सव निकाले गए जिसमें श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिले और युवाओं की टोली ने नाचते गाते हुए श्रीजी का नगर भ्रमण कराया गया।

श्रीजी की शोभायात्रा नगर के रामलीला मंच से शुरू हुई जो नगर के पुराना बाजार,नया बाजार,पोस्ट ऑफिस चैराहे,बस स्टेंड होते हुए नगर परिषद परिसर पहुंची। जहां श्रीजी को पांडाल प्रवेश पूर्व मंत्री ओर क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, डॉ. केपी यादव अध्यक्ष नागरिक आपूर्ति निगम ने कराने का सौभाग्य लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे हर बर्ष श्रीजी के नगर भ्रमण में शामिल होने का सौभाग्य मिलता है ओर धार्मिक आयोजन में शामिल होकर शांति की प्राप्ति होती है। वहीं इस मौके पर अभिषेक, शांतिधारा की क्रियाएं बीना से आए संदीप भैया द्वारा कराई गई। ओर धर्म सभा को संबोधित किया। वही इस अवसर पर मल्हारगढ़, ईशरवारा ,कंजिया सहित कई क्षेत्रों की फूलमाल ओर ज्ञानमल की बोली लगाई गई ।

कानून की समझ, तकनीक का कौशल और साक्ष्य की वैज्ञानिक शक्ति को लेकर अशोकनगर पुलिस का विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों की व्यावहारिक समझ तथा आधुनिक, वैज्ञानिक एवं साक्ष्य-आधारित विवेचना में दक्ष बनाने के उद्देश्य से 2 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रथम दिवस कानून से अपराध स्थल तक

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रमुख प्रावधानों तथा पूर्ववर्ती कानूनों से उनके महत्वपूर्ण परिवर्तनों को समझाया गया। ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, संज्ञेय- असंज्ञेय अपराध, प्रारंभिक जांच, विवेचना योजना, विवेचना चेकलिस्ट, केस डायरी एवं पीड़ित को सूचना देने की वैधानिक प्रक्रिया पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। हत्या,साइबर धोखाधड़ी एवं लैंगिक अपराध जैसे गंभीर प्रकरणों की विवेचना योजना तैयार करने का समूह अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण का विशेष आकर्षण मॉक क्राइम सीन निरीक्षण रहा, जिसमें अपराध स्थल संरक्षण, साक्ष्य की पहचान एवं संकलन, वीडियोग्राफी तथा एफएसएल के साथ समन्वय की वास्तविक परिस्थितियों में अभ्यास कराया गया। इस सत्र में निरीक्षक मनीष चैहान एवं आरक्षक सुरेश कुशवाह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



द्वितीय दिवस डिजिटल साक्ष्य से अभियोग पत्र तक- द्वितीय दिवस इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों पर केंद्रित रहा। मोबाइल फोन, सीसीटीवी फुटेज, ई-मेल, क्लाउड आधारित साक्ष्य, मेटाडाटा तथा चैन आफ कस्टिडी के संकलन एवं संरक्षण की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अंतर्गत गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकार, गिरफ्तारी एवं तलाशी की वैधानिक प्रक्रिया तथा तलाशी की इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने एक काल्पनिक प्रकरण के माध्यम से सूचना से एफआईआर अपराध स्थल निरीक्षण, भौतिक एवं डिजिटल साक्ष्य संकलन, गवाह परीक्षण, गिरफ्तारी, केस डायरी एवं अभियोग-पत्र तक की संपूर्ण विवेचना का अभ्यास किया। समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया। निरीक्षक नरेश रावत, प्रभारी साइबर सेल द्वारा डिजिटल एवं साइबर साक्ष्यों तथा निरीक्षक कुलदीप वर्ग, जिला अभियोजन अधिकारी, अशोकनगर द्वारा विधिक एवं अभियोजन संबंधी पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य स्पष्ट रहा। हर विवेचना कानून सम्मत हो, हर साक्ष्य वैज्ञानिक ढंग से सुरक्षित हो और हर कार्रवाई न्यायालयीन परीक्षण की कसौटी पर खरी उतरे।

खबर संक्षेप

घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत जनकपुर खिरिया निवासी हरिसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर उनके घर से सोने चांदी के जेबर चोरी कर ले गए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत जस्सू पुत्र रंणधीर रजक उम्र 35 साल निवासी डोंगरा ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलत फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, जमीन अपने नाम कराने पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम छैवलाई थाना पिपरई निवासी दिनेश चंदेल पुत्र जगदीश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाबूलाल लोधी निवासी विजयपुरा ने ईसागढ़ में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन अपने नाम करा ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

चंदेरी में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत राजेन्द्र सिंह पुत्र संतोष सिंह यादव ने बत्तीसी बावड़ी के पास जंगल में एक पेड़ पर फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालबावड़ी निवासी सियाबाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिंकी अहिरवार,पिंकी की मां फैलू अहिरवार, श्रीराम आदि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुगयाना मोहल्ला चंदेरी निवासी मुन्नीबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा, पप्पू और रूपाबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महौली निवासी सुरेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हटे, अरबिंद रामराजा, हेमन्त और छोटू लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाने के अंतर्गत रवि अहिरवार निवासी बाल्मीक मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि केसरी अहिरवार ,विशाल, लालाराम, छोटू, और दुर्गेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

फिट इंडिया योग और ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया



अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में फिट इंडिया योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. गरिमा राठौर की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारी डॉ. अनिल सिंह तोमर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योगाचार्य शिवा शर्मा द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों तथा ध्यान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में बहादुर सिंह डावर, रिचर्ड डिंडोर, उर्मिला यादव, सुरभि नामदेव, बलवीर सिंह जाटव, अरविन्द जोशी, पवन लोधी एवं अभिषेक वाल्मीकि सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन सोनोग्राफी कराने के दिए निर्देश

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।





केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को शिकायतें मिलीं थी कि जिला अस्पताल अशोकनगर में प्रतिदिन सोनोग्राफी नहीं की जा रही है जिसके कारण महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस तरह की अन्य समस्याओं का भी उल्लेख किया गया था, जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर कलेक्टर साकेत मालवीय जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मातृशक्ति की सुविधा सर्वोपरि सोनोग्राफी के लिए डॉक्टरों का दैनिक ड्यूटी चार्ट जारी, गर्भवती महिलाओं के लिए बैठने सहित अन्य सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए। सिंधिया ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मरीजों को सहज, समयबद्ध और सम्मानजनक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सोनोग्राफी कार्य के लिए आस्था अग्रवाल को प्रतिदिन नियुक्त किया गया है, जिससे मरीजों को समय पर सोनोग्राफी की सुविधा मिल सके। आस्था अग्रवाल पहले भी सोनोग्राफी लगातार करती आ रहीं थी किन्तु जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रतिदिन के स्थान पर उनको दो दिन कर दिया गया था। जिसके कारण जिला अस्पताल आने वाली महिला रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश को निरस्त करते हुए अब एक नया आदेश जारी किया है जिसमें आस्था अग्रवाल को नियमित सोनोग्राफी के लिए पूर्व की तरह पदस्थ किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.कीर्ति गोलिया और डॉ मनीषा यादव पदस्थ हैं, इमरजेंसी में उन्हें भी सोनोग्राफी करने के निर्देश दिए गए हैं।

सोनोग्राफी सेवाओं के लिए डॉक्टरों का दैनिक ड्यूटी चार्ट जारी

सोनोग्राफी सेवाओं को सुचारू एवं नियमित बनाने के लिए चिकित्सकों का दैनिक ड्यूटी चार्ट जारी कर दिया गया है। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि ड्यूटी चार्ट का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो और मरीजों को जांच के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सालय में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक स्थानों पर कुर्सियां लगाने के लिए कहा, ताकि उपचार एवं जांच के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा न हो। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजो के लिए बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में कुर्सियों की व बैंचों की व्यवस्था नहीं हैं जिसके कारण मरीजो के साथ आने वाले मरीजों को तो परेशान होना ही पड़ता है साथ में मरीजों को पर्चा बनवाने के समय भी खड़े रहना पड़ता है। बेंचों की व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीज परेशान होते हैं। यहां गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए नीचे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है अनेक महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए 15 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के ओटी का भी निरीक्षण किया तथा वहां चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। जिला अस्पताल में एक ओटी पहले से है यह दूसरी ओटी थी जो पहले बनाई गई थी, इसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इसका नए सिरे से मोडिफिकेशन किया गया है। जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराईं गई हैं। ओटी का कार्य पूर्ण होने के उपरांत कलेक्टर ने उसे विधिवत हैंडओवर कराने के निर्देश सिविल सर्जन डॉ. बीएल टैगोर को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मालवीय ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया गया नमन

अशोकनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को जिला न्यायालय, अशोकनगर परिसर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय केशव मणि सिंघल, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, जिला न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, सचिव अधिवक्ता संघ, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उपस्थित न्यायिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात उपस्थित सभी जनों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।इस अवसर पर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति, स्वच्छता एवं मानव सेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

भारतीय सनातन संस्कृति का आधार है अहिंसा: मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।



विश्व अहिंसा दिवस के रूप में पूरा देश महात्मा गांधी की जयंती मना रहा है,इस मौके पर मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें इस बात को समझने की जरूरत है कि अहिंसा क्या है? यह प्रश्न जब भी उठता है तो हम एक सामान्य सा उत्तर देते हैं कि हिंसा का न होना ही अहिंसा है।

उन्होंने कहा कि जैन दर्शन इससे भी आगे का विचार विश्व के लिये देता है। आचार्यों ने अहिंसा को एक परिस्थिति कहा है। परिस्थिति का निर्माण किया जाता है। भारतीय सनातन संस्कृति में समय-समय पर ऐसे-ऐसे महापुरुषों ने जन्म लिया है जिनके माध्यम से यह अहिंसा मय परिस्थिति का निर्माण हुआ है। श्री रामचन्द्र जी, श्री कृष्ण जी, श्री महावीर स्वामी आदि कई ऐसे महापुरुषों ने इस अहिंसामय परिस्थिति का निर्माण किया है। ऐसा जीवन जो अहिंसा से भरा हो। ऐसा जीवन गांधी जी का भी रहा है।

जहां सत्य, प्रेम, करुणा और वात्सल्य आदि सद्गुणों से ओत-प्रोत जीवन हो। ऐसा जीवन विश्व को अहिंसा का सन्देश दे सकता है। अहिंसा का अर्थ कायरता नही है। महात्मा गांधी निडर थे और वे जहाँ जाते थे उनसे अंग्रेज भी डर जाते थे। उनके पास न तो कोई हथियार था, ना तो तन पर पूरे वस्त्र थे। फिर भी इनके पास अहिंसा रूपी महाशस्त्र था और इस शस्त्र के आधार पर ही इन्होंने भारत की स्वतंत्रता की आधारशिला रखी थी। गांधी जी ने स्वतंत्रता का मूल आधार स्वावलंबन को बनाया। बिना स्वावलंबन के स्वतंत्रता अधूरी है। स्वयं चरखा चलाते थे और लोगो को स्वदेशीता के लिये प्रेरित करते थे। जितना हम विदेशीता की ओर आकर्षित हो रहे हैं उतने हम परतंत्र हो रहे हैं। अहिंसा, सत्य, और स्वाधीनता के कुछ ऐसे मापदण्ड हैं जिन्हें मुख्य आधार बनाकर गांधी जी ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और स्वालम्बी भारत का स्वप्न देखा था। उस स्वप्न को पूरा करने का श्रेय वर्तमान युग के राष्ट्रहित चिन्तक सन्त शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी

सेवा संकल्प अभियान के तहत चला स्वच्छता अभियान



अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को तहसील कार्यालय अशोकनगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तहसील कार्यालय परिसर में तहसील के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से साफ-सफाई की गई।स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय परिसर में साफ- सफाई करते हुए अनावश्यक कचरे को हटाया गया तथा परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। अभियान में तहसील स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासकीय कार्यालयों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 10 पेंशनरों का अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।



1 अक्टूबर 2026 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला अशोकनगर के द्वारा 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सेवानिवृत वरिष्ठ पेंशनर्स का नागरिक अभिनन्दन किया गया।

अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर नगर के स्थानीय वेदांत भवन में एक गरिमामय सादगी पूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के द्वारा 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 10 वरिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा की गई मुख्य अतिथि के रूप में जिला पेंशन अधिकारी रविंद्र सूर्यवंशी मंचासीन रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा व कार्यवाहक अध्यक्ष हरबंस लाल जुनेजा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन संभागीय महासचिव प्रहलाद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों को मंचासीन किया गया। ततपश्चात अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती व भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक राष्ट्र ऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण तिलक पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को पुनः मंचासीन किया गया। मंचासीन अतिथियों का परिचय दिया गया। साथ ही पुष्प मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया गया। तदुपरांत 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के वरिष्ठ 10 सदस्यों शालिगराम बिरथरे, शिवचरण औदीच्य, बालाप्रसाद शर्मा, द्वारिका प्रसाद बोहरे, सत्यनारायण गोस्वामी, केशरी चन्द जैन, माधो सिंह रघुवंशी, कासम खान कुरैशी को ससम्मान मंचासीन किया गया। तत्पश्चात संघ का गीत देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें का कवि दूधनाथ मधुकर द्वारा सुन्दर स्वरलहरियों में गायन किया गया।एवं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

महासंघ की गतिविधियों और संगठन के संबंध में हरि ओम शर्मा उपाध्यक्ष व सचिव महाराज सिंह रघुवंशी द्वारा वक्तव्य दिया गया। ततपश्चात हरवंश लाल जुनेजा द्वारा संघ के विगत कार्यकलापों पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हित के लिये संघ द्वारा किये जा रहे संघर्ष व उपलब्धियों तथा आगामी कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी द्वारा अपने उद्बोधन में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

महात्मा गांधी की जयंती पर महाविद्यालय में हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।

स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माय भारत केंद्र, अशोकनगर एवं महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय परिसर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों,माय भारत स्वयंसेवक एवं विद्यार्थियों ने श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाया। इसके उपरांत सभी उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने तथा जीवन में स्वच्छता के मूल्यों को अपनाने की विधिवत शपथ दिलाई गई। आयोजन के दौरान नशा मुक्ति शपथ, स्वच्छता शपथ के साथ-साथ योग और ज्ञान सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित माय भारत केंद्र अशोकनगर की नोडल अधिकारी श्रेया कंडोला ने युवाओं को माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पोर्टल के माध्यम से संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों, युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों तथा ऑनलाइन कार्यक्रमों में सहभागिता करने की प्रक्रिया से कैडेट्स को अवगत कराया। महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. जे.पी. अहिरवार ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन, उनके विचारों तथा स्वच्छता के प्रति बापू के संकल्प पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से राष्ट्रपिता के आदर्शों को अपने दैनिक आचरण में ढालने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह,वरिष्ठ प्राध्यापकगण, अन्य प्राध्यापक, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट चंद्रशेखर जाटव, एनएसएस अधिकारी, माय भारत की नोडल अधिकारी श्रेया कंदोला कौशिकी दुबे सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान, सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान



ईसागढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 'सेवा मेरा योगदान' अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत नगर परिषद ईसागढ़ कार्यालय में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक कर उन्हें नमन करते हुए की गई। इसके बाद नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद ईसागढ़ के सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष केशव जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष गोविन्द सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महादेव यादव मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मेंटर्स रवि केवट एवं नवांकुर संस्था सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रवार प्रसार समिति शंकरपुर विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर क्रमांक 3 ढाकोनी सचिव दिनेश कुमार सेन सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मुक्तिधाम प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम के माध्यम से नगरवासियों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ नगर केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह ने व्यक्त किया।

गांधी जयंती पर कांग्रेसियों ने बापू को किया नमन

चंदेरी। गांधी जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए सत्य, अहिंसा तथा सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक कांत भार्गव, नगर अध्यक्ष शोऐब मिर्जा, मंडलम चंदेरी के अध्यक्ष द्वय आनंद लिटोरिया एवं रितेश जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर बृजकिशोर, महामंत्री वीरेंद्र श्रीवास्तव, बाबूलाल जैन, प्रदीप विदुआ, मारुति नंदन मिश्रा, आरिफ मुल्ला, फारूख मोहम्मद, मुजीबउर रहमान, मुख्तार, जहीर पोस्ती, मनोहर कोली, किशोरी अहिरवार एवं शिवकुमार अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा।वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके विचारों को याद करते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा का संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। गांधी जी ने देश की आजादी के आंदोलन में अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से संघर्ष का मार्ग दिखाया, जिसे सदैव याद किया जाएगा।

गांधी जयंती पर 'सेवा ही संकल्प, सेवा ही संस्कार' के साथ मनाया गया कार्यक्रम

पिपरई। नगर परिषद पिपरई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद परिसर में साफ-सफाई की गई। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नगर परिषद में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में सभी ने सहभागिता की। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वहीं पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं नगर को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि स्वच्छ, सुंदर एवं हरित नगर परिषद पिपरई के निर्माण के लिए सेवा भाव निरंतर जारी रहेगा।

मैरिज गार्डन के रास्ते के लिए किया अतिक्रमण, कब्रिस्तान ग्राउंड के पास का मामला

नपाध्यक्ष ने खड़े रहकर हटवाया बेजा कब्जा दो घंटे चलती रही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय के पुरा क्षेत्र में कब्रिस्तान ग्राउण्ड के समीप रिक्त पड़ी सरकारी जमीन पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। नगर पालिका अमले को सूचना मिलने पर अतिक्रमण विरोधी दस्ता जेसीबी, टैक्टर सहित अन्य मशीनरी लेकर पहुंचा और सख्ती के साथ कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार पुरा क्षेत्र में कलेक्टर बंगले के समीप स्थित नाले के पास की अधिकांश जमीन सरकारी है। इसी जमीन पर मुख्य मार्ग के किनारे बड़े-बड़े पाईप रखते हुए नाले से रास्ता निकालने की कोशिश की जा रही थी। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू को सूचना मिलने पर शुक्रवार अपरान्ह वे एवं पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। यहां स्थान चिन्हित करने के बाद कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। इस दौरान किसी तरह का विवाद न हो इसके लिए एडिशनल एसपी केएल बंजारे, कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया भी दल-बल के साथ पहुंचे और सामने रहकर अतिक्रमण को हटवाया जाने लगा। इस दौरान मौके पर अनेकों लोगों का हुजूम भी एकत्रित हो गया।

निजी गार्डन के लिए निकाल रहे थे रास्ता

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि नाले के समीप एक मेरिज गार्डन है। इस गार्डन के लिए मुख्य मार्ग से रास्ता देने बड़े-बड़े पाईप रखकर सरकारी भूभाग से रास्ता देने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बेजा कब्जे का हटाने का कार्य शुक्रवार को किया गया है।

डूबक्षेत्र में बनाया है यह मेरिज गार्डन

नपाध्यक्ष साहू के अनुसार उक्त गार्डन का निर्माण भी डूबक्षेत्र की जमीन पर किया गया है। ऐसे में बगैर अनुमति किए गए गार्डन को तोड़ने की कार्यवाही भी आगामी दिनों में करवाई जाएगी। इसके लिए जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, सांसद रोड़मल नागर, क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव के संज्ञान में यह मामला डाला जा रहा है ताकि डूबक्षेत्र के निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सके।

शुरू में विवाद के हालात भी हुए निर्मित

उक्त कार्रवाई शुरू होने पर कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया। हालांकि, अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने किसी की एक न सुनी और कार्यवाही अनवरत रूप से चालू रखी गई। इस कार्यवाही में व्यवधान बनने वाले दो लोगों को भी पुलिस अपने साथ थाने ले गई।

एडिशनल एसपी सहित सुरक्षा अमला पहुंचा

इस कब्जे को हटाने की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। टीआई मंजू मखेनिया सहित सुरक्षा अमला मौके पर तैनात रहा ताकि किसी तरह के विवाद की स्थिति न बनने पाए।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

न्यायालय में रंगोली-चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और संस्थागत संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांधी चैक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत गांधी चैक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी रही। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम जय सोलंकी, सीएमओ दीपक रानवे सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और सेवा के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छ,स्वस्थ और हरित सारंगपुर के निर्माण का संकल्प दिलाया।

न्यायालय परिसर में भी मनाई जंयती

वहीं न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार आपटे के मार्गदर्शन में गांधी जयंती पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुलराज भलावी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड आकांक्षा कत्याल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शिवानी सैनी तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अश्विनी गहलोत की मौजूदगी में रंगोली, चित्रकला और फैंसी ड्रेस सहित कार्यक्रम हुए। इसमें न्यायालय के अधिवक्ताओं ने भी सहभागिता की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

इधर कांग्रेस शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी, पार्षद शमीर मेव, शोएब हसन राही, हाफिज मेव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नगर विकास प्रस्फुटन समिति की ओर से शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर सेवा का संदेश दिया गया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,महामंत्री कमल राठौर,पार्षद राकेश पुष्पद,जाकिर सैफी,मनोज पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे।

स्मार्ट मीटर के बकाया कनेक्शनों की जांच, अवैध बिजली के बन रहे प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में बकाया बिजली बिल के कारण बंद किए गए स्मार्ट मीटर वाले कनेक्शनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें स्मार्ट मीटर से बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा अलग से डोरी या तार डालकर बिजली का उपयोग किया जा रहा है। विद्युत विभाग की टीम द्वारा मौके पर जांच कर ऐसे मामलों में नियमानुसार प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार, बकाया राशि के कारण बंद कनेक्शन पर बिना अधिकृत अनुमति के वैकल्पिक तार या डोरी के माध्यम से बिजली का उपयोग करना नियम विरुद्ध है। ऐसे मामलों में नियमानुसार आर्थिक दंड के साथ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने संबंधित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बकाया बिजली बिल की राशि जमा कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत कनेक्शन पुनः चालू करवाएं। बिजली का उपयोग केवल अधिकृत स्मार्ट मीटर के माध्यम से ही करें। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत बिजली उपयोग पर रोक लगाने, राजस्व वसूली और विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कर्मचारियों व नागरिक ने गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान

इनकम टैक्स अफसर ने किया श्रमदान, नदी किनारे पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले में हालिया पदस्थ हुए जिला आयकर अधिकारी, महकमे के कर्मचारियों एवं नागरिकगणों द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर नेवज नदी के शिवघाट पर श्रमदान आयोजित किया गया। इस दौरान जिला इनकम टैक्स अधिकारी अरुण मीणा ने स्वयं हाथों में गेती, तगारी फावड़े उठाकर नदी के आसपास उगी कंटीली झाड़ियों को साफ करवाते हुए नदी के कचरे को भी बाहर निकाला। राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत यह आयोजन रखवाया गया था ताकि पर्यावरण को सहेजा जा सके। यह अभियान सिर्फ एक दिन तक ही सीमित नहीं है बल्कि पूर्व में भी विभाग द्वारा श्रमदान करवाया गया था। प्रधान आयकर आयुक्त-1 इंदौर प्रवीण रावल के नेतृत्व एवं संयुक्त आयकर आयुक्त उज्जैन बी.एल. गट्टानी के निर्देशों पर यह आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नदियों की सफाई रहा इसके साथ ही उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चला गांधी जयंती मनाई



कुरावर। स्वच्छता अभियान के तहत कुरावर के अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में श्रमदान एवं साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद के स्टाफ, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इसके बाद अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालप्रसाद चंदवशी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व और नगर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी पर विचार व्यक्त किए।अभियान के तहत खेडापति हनुमान मंदिर परिसर में भी झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 11 की नाली की भी सफाई की गई।कार्यक्रम में सीएमओ समंदर सिंह चैहान, मंडलाध्यक्ष दिनेश मंडलोई, एल्डरमेन प्रतिनिधि धीरज भावसार, कैलाश राज, सुदर्शन चैधरी, आचार्य सुरेश चंद्रवंशी, अनोखी लाल कोटिया सहित नगर परिषद का स्टाफ, अन्य जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वच्छ एवं सुंदर कुरावर के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया।

गांधी जयंती पर अतिथि शिक्षकों ने नियमितीकरण सहित अन्य मांगे रखीं



राजगढ़। शिक्षा विभाग में नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों के लिए अतिथि शिक्षकों द्वारा शुक्रवार को मुख्यालय पर ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला अतिथि संघ पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंची और अधिकारियों को अपनी मांगों से अवगत कराया। संगठन के प्रातीय एवं जिला पदाधिकारी हेमंत शर्मा, सतेंद्र नागर, राजेश बैरागी, रामचंद्र, सौरभ शर्मा, मांगीलाल तंवर, राजेश, रामप्रताप, प्रहलाद रुहेला, जगदीश जोशी, श्रीलाल पंवार, अमजद खान, अर्जुन राठौर ने बताया कि हमारे द्वारा 18 सालों से लगातार शासन, प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी उनकी प्रमुख मांगों की तरफ आज तक विचार नहीं किया गया। ऐसे में गांधी जयंती पर पुनः मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। अगर आगामी दिनों में शासन ने कोई पहल नही की तो आगामी दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा।

एसबीआई ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर किया वरिष्ठजनों का सम्मान



जीरापुर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा जीरापुर द्वारा स्थानीय होटल नक्षत्र में वरिष्ठजनों का सम्मान गरिमामय समारोह रखकर किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पेंशनर संघ महिला शाखा अध्यक्ष ज्योत्सना दांगी, आशा चैरसिया एवं पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद, हरीश भावसार रहे। भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक जीवन अशवानी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत आगर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री गणेश वंदना एवं भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से हुई।इस अवसर पर बैंक के ब्रांच मैनेजर जीवन अशवानी एवं स्टाफ द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों और वरिष्ठजनों का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और समाज में उनके अनुभवों के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक से हितेश नायक, हरीसिंह मीना , सोम्या , सोनिया , मोह हसीना, देवेन्द्र शर्मा स्टाफ सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पेंशनर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में वृद्धों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शिवाशिव भवन में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर ब्रह्माकुमारी सेवा आश्रम से जुड़े वृद्धजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी, संगीता दीदी ने अतिथियों का तिलक , मुकुट ,पुष्प , पट्टे के साथ वृद्धजनों का ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर रिटायर्ड प्रोफेसर, राधावल्लभ गुप्ता , रमेश वर्मा , सुशीला देवी मंडलोई , फूल बहन गुप्ता ,लीला भावसार, शकुंतला भावसार, मांगीलाल बरेठा ,सुशीला बहन बरेठा, चुन्नीलाल कुशवाहा आदि का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीरापुर सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने कहा कि वृद्धावस्था जीवन का वह पड़ाव है, जिसमें व्यक्ति के पास वर्षों का अनुभव, ज्ञान और जीवन के उतार-चढ़ाव से प्राप्त अनेक सीखों का खजाना होता है। बुजुर्ग परिवार की ऐसी धरोहर हैं, जिनके अनुभव नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।दीदी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम भौतिक सुविधाओं को तो महत्व देते हैं, लेकिन कई बार अपने घर के वरिष्ठ सदस्यों को समय देना भूल जाते हैं। वृद्धजनों को सबसे अधिक आवश्यकता सम्मान, अपनत्व, प्रेम और अपनेपन की होती है। उनके साथ कुछ समय बैठकर बातचीत करना, उनकी बातों को ध्यान से सुनना और उनके अनुभवों का सम्मान करना भी उनके लिए बहुत बड़ी खुशी का कारण बन सकता है।

सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया, पौधारोपण भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर



नगर परिषद खुजनेर में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अमर सिंह यादव की उपस्थिति में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद न्यू सम्पवेल के पास सफाई अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया।कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट भी प्रदान की गई। उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद लोकेंद्र यादव, मुकेश यादव, रामचरण यादव, प्रेम राजपूत, एल्डरमैन अरविंद, राधेश्याम सहित कई गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद का स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

33 केवी फीडरों के मेंटेनेंस के चलते 5 व 6 को बिजली आपूर्ति रहेगी बंद



सारंगपुर। विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी पनवाड़ी एवं 33 केवी सारंगपुर फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग के एई विद्यासागर सिंह ने बताया कि 5 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 33 केवी पनवाड़ी फीडर बंद रहेगा। इसके चलते राधानगर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी बालोड़ी घरेलू, राधानगर पंप एवं तरलाखेड़ी फीडर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसी तरह 6 अक्टूबर को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 33 केवी सारंगपुर फीडर का शटडाउन रहेगा। इस दौरान सारंगपुर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गोपालपुरा पंप एवं काछीखेड़ी फीडर से जुड़े सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य की स्थिति के अनुसार शटडाउन की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया कार्यक्रम

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मित्रों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका कार्यालय सारंगपुर में समाजसेवा, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों में योगदान देने वाले सेवा मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल पार्षद गोपाल पाल, कुलदीप राठौर, अमित गिरजे, राकेश पुष्पद एवं बाबूलाल अहिरवार तथा एल्डरमैन राधेश्याम माहेश्वरी, अनिल बारकिया, दिनेश सिसोदिया एवं दिनेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं स्वच्छता मित्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि समाजसेवा, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों में निरंतर योगदान देने वाले सेवा मित्रों का सम्मान गौरव का विषय है। उनके समर्पण, मेहनत और सेवाभाव से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को एल्डरमैन दिनेश सिसोदिया एवं दिनेश शर्मा तथा स्वच्छता सभापति अमित गिरजे ने भी संबोधित किया। उन्होंने सेवा मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए नगर के विकास में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर ने किया। राजस्व प्रभारी राजकुमार गिरजे ने आभार व्यक्त किया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



कुरावर। सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर दिव्या तिर्की के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सेवाओं, बच्चों एवं महिलाओं से जुड़ी योजनाओं तथा जनजागरूकता को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालप्रसाद चंद्रवंशी, पार्षद राजेश चंद्रवंशी, पार्षद बद्री कुशवाह, महिला मोर्चा से सरिता शर्मा, मधु शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में आंगन मिलन कार्यक्रम

छोटे तालाब के घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत आज सराय स्कूल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों से संवाद कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली गई।कार्यक्रम के साथ ही छोटे तालाब के घाट पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने घाट परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम सक्सेना, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह, एसडीएम पटेल, परियोजना अधिकारी विनीता शर्मा, भरत झंवर, भगवान दास साहू, रमेश मालवीय, राजू जड़िया, शिव वैद्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवा, स्वच्छता और जनभागीदारी के माध्यम से समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।